पेज थ्री देहरादून

मुख्य सचिव से मुलाकात कर शिकायती पत्र सौंपते रघुनाथ सिंह नेगी।

देहरादून, रविवार 16 फरवरी, 2020

पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### भर्ती प्रक्रिया में धांधली मामले में मुख्य सचिव ने दिए सचिव को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**(संवाददाता)** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह से मुलाकात कर मुख्य शिक्षा अधिकारी, दून एवं विद्यालय प्रबंधन श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज सहसपुर द्वारा भर्ती प्रक्रिया में सूचना प्रकाशन मामले में अनियमितता कर हजारों युवाओं से खिलवाड़ के मामले में शिकायती पत्र सौंपा। मुख्य सचिव ने सचिव विद्यालय शिक्षा को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

### जल, जंगल, जमीन आज की सबसे बड़ी चिंता

देहरादून। प्रसिद्ध गांधीवादी व पर्यावरणविद् सुंदर लाल बहुगुणा ने कहा कि महात्मा गांधी और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेने के लिए कलम को अपना मुख्य हथियार बनाया था। अखबार ऐसा माध्यम है जो समाज को जागृत करने में अहम भूमिका का निर्वाह करता है। आज के दौर में समस्या अनेक हैं लेकिन उन्हें सही माध्यम से प्रस्तुत नहीं किया जाता। जल, जंगल और जमीन को आज की सबसे बड़ी चिंता बताते हुए उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को इसके लिए मिशन बनाकर आगे आना होगा।

### विवादित बयान पर फेडरेशन अध्यक्ष का पुतला फूंका

**(संवाददाता)** देहरादून, आजखबर। यूकेडी युवा प्रकोष्ठ ने एससी-एसटी एंपलाइज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा यूकेडी व दल के केंद्रीय अध्यक्ष दिवाकर भट्ट के खिलाफ दिए गए विवादित बयान का विरोध करते हुए फेडरेशन अध्यक्ष करम राम का पुतला फूंका। युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने एससी एसटी एंप्लाइज फेडरेशन अध्यक्ष से विवादित बयान को वापस लेने व बयान पर माफी मांगने की मांग की।

# बौर जलाशय पर्यटन स्थल के रूप में किया जायेगा विकसित

**यूएस कार्निवाल**

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को यूएस कार्निवाल– 2020 के तहत 13 डिस्ट्रिक 13 डेस्टिनेशन के अन्तर्गत हरिपुरा बौर जलाशय मे आयोजित 03 दिवसीय नेशनल क्याकिंग/क्नोयिंग प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत स्कूल बसों को फ्लेग ऑफ किया। उन्होंने कहा कि राज्य को पर्यटन की सम्भावित जगहो को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होने कहा की बौर जलाशय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। इस पर्यटन स्थल से स्थानीय लोगो को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वही क्षेत्र का भी विकास होगा। उन्होने कहा बौर जलाशय में निरन्तर बढावा देने के लिए सरकार द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा।

सीएम ने 3 दिवसीय नेशनल क्याकिंग/क्नोयिंग प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत स्कूल बसों को फ्लेग ऑफ किया



क्नोयिंग प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सीएम।

खेल मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए बौर जलाशय को विकसित करने की मांग की। उन्होने कहा कि आज यह बौर जलाशय को 13 डिस्ट्रिक 13 डेस्टिनेशन के अन्तर्गत हरिपुरा बौर जलाशय को पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री जी का यह सार्थक प्रयास है। उन्होने कहा यह पर्यटन स्थल पर्यटन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होने कहा कि इस कार्य के लिए शासन प्रशासन का सकारात्मक सहयोग मिला। इसमें जो कमियां शेष है उन्हे जल्द पूर्ण कर लिया जायेगा। प्रतियोगिता के फाईनल मे क्याकिंग प्रतियोगिता के 1000 मीटर पुरूष सिंगल मे मध्य प्रदेश के नरेन्द्र कठायत को गोल्ड, उत्तराखण्ड के सुभम को सिल्वर, विनोद कुमार को कांस्य पदक, क्याकिंग प्रतियोगिता के 1000 मीटर डबल्स मे उत्तराखण्ड के सुभम व रोहित को गोल्ड, मध्य प्रदेश के आकाश व अनुज को सिल्वर, दिल्ली के दीपक व विशाल को कांस्य पदक, क्नोयिंग प्रतियोगिता सिंगल मे यूपी के बादल कुमार को गोल्ड, विशाल कुमार को सिल्वर, मध्य प्रदेश के कुलदीप सिंह को कास्य, क्नोयिंग डबल्य मे यूपी के बादल व विक्रांत को गोल्ड, उत्तराखण्ड के विशाल व सूर्या को सिल्वर, पंजाब के करनैल सिंह व सोहन सिंह को कांस्य, क्नोयिंग प्रतियोगिता महिला सिंगल 1000 मीटर में उत्तराखण्ड की पूजा चौहान को गोल्ड, 1000 मीटर महिला डबल्स मे उत्तराखण्ड की पूजा व शैलू को गोल्ड, दिल्ली की कोमल बिष्ट व वैश्नवी को सिल्वर, क्नोयिंग प्रतियोगिता महिला सिंगल मे पंजाब की जसमीत कौर को गोल्ड, हिमांचल प्रदेश की सुखप्रीत कौर को सिल्वर तथा दिल्ली की अंजलि को कांस्य पदक देकर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

### महाकुंभ के निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जा रहाः कौशिक

**(संवाददाता)** देहरादून। भले की 2021 में आयोजित होने वाले महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर भाजपा सरकार चुस्ती फुर्ती दिखा रही हो लेकिन कांग्रेस द्वारा इस पर सवाल उठाये जाने से नेताओं के बीच वाक युद्ध शुरू हो गया है। शहरी विकास मंत्री ने शनिवार को कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को हर काम में खामियां ही नजर आती है और हर काम का विरोध करना कांग्रेस की आदत हो गयी है। मदन कौशिक का कहना है कि महाकुम्भ की तैयारियों को पूरे जोर शोर से किया जा रहा है तथा निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री खुद महाकुम्भ की तैयारियों की मानिटरिंग कर रहे है। उन्होने कहा कि महाकुम्भ के कार्यो के लिए धन की कोई कमी नहीं है और धन की कमी के कारण कोई काम प्रभावित नहीं होने दिया जायेगा।

बीते कल मुख्यमंत्री रावत द्वारा कुम्भ के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किये जाने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि हर हालत में कुम्भ की तैयारियों को नवम्बर माह तक पूरा कर लिया जाये। हरीश रावत का कहना था कि इस बार भी कुम्भ की तैयारियों के नाम पर पहले की तरह ही घपला घोटाला होगा।

### कांग्रेस कार्यकर्ता 17 फरवरी को करेंगे विशाल धरना-प्रदर्शन

**(संवाददाता)** देहरादून। दिल्ली में विस चुनाव में करारी हार झेल चुकी कांग्रेस अब एक्शन मोड है। जिसको लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में सरकार को मंहगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्या को लेकर सरकार को घेरने को प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में 17 फरवरी को डोईवाला में सरकार के खिलाफ विशाल धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन किया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी ने बताया कि 17 फरवरी को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह की अगुवाई में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# पेयजल एवं सीवर की समस्या का जल्द होगा समाधान

**बैठक**

■सीवर निर्माण के लिए पर्यटन विभाग से वार्ता कर काम किया जाएगाः जैन

देहरादून। **सवांददाता**

छावनी परिषद देहरादून में पेयजल एवं सीवर की समस्या का समाधान जल्द ही होने वाला है। इस बाबत मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा गढ़ी कैंट में नलकूप एवं ओवरहैड टैंक निर्माण की घोषणा की जा चुकी है और जलनिगम द्वारा नलकूप का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है।



पेयजल एवं सीवर को लेकर छावनी परिषद में अधिकारियों संग बैठक लेते मसूरी विधायक गणेश जोशी।

शनिवार को छावनी परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में मसूरी विधायक गणेश जोशी ने बताया कि नलकूप निर्माण के कार्य समाप्ति के तुरन्त बाद जलनिगम द्वारा ओवरहैड टैंक का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाना है। उन्होंने बताया कि गढ़ी डाकरा क्षेत्र गर्मियों के समय पेयजल की गम्भीर समस्या से ग्रसित रहता है और पेयजल टैंकरों से लगभग पच्चीस हजार की आबादी को पानी उपलब्ध कराना कठिन कार्य है। मुख्य अधिशासी अधिकारी तनु जैन ने बताया कि सीवर निर्माण के लिए पर्यटन विभाग से वार्ता कर इसका काम किया जाएगा। उन्होंने विधायक जोशी से सीवर निर्माण के कार्य में रक्षा मंत्रालय एवं पर्यटन विभाग से वार्ता करने का अनुरोध भी किया।

इस अवसर पर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, अधिशासी अभियंता सुमित आनन्द, सभासद मेघा भट्ट, राज भट्ट, संध्या थापा, ज्योति कोटिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, मण्डल महामंत्री राहुल रावत आदि उपस्थित रहे।






### औली बनेगा विंटर स्पोर्ट्स का केंद्रः रिजिजू

**(संवाददाता)** देहरादून। केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू शनिवार को हेलीकाप्टर से आर्मी हेलीपैड जोशीमठ पहुंचे। आईटीबीपी की प्रथम वाहिनी सुनील में आईटीबीपी के जवानों से मुलाकात करने के बाद मंत्री एशिया की सबसे लंबी रोपवे से औली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि देश में खेलो इंडिया के तहत अनेक स्पोर्ट्स कराए जा रहे हैं। केंद्र सरकार और स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास कर रहे हैं। विशेष तौर पर विंटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए अलग–अलग योजनाएं तैयार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अगले महीने जम्मू–कश्मीर में विंटर स्पोर्ट्स का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर के खिलाड़ी पहुंचेंगे। किरण रिजिजू ने कहा कि अब विंटर खेलों का बजट भी खेल मंत्रालय को दिया जा रहा है। इससे इस क्षेत्र में और अधिक प्रयास करने की संभावना बढ़ गई है।

### कार्यशाला का आयोजन

**(संवाददाता)** फिक्की फ्लो, शिक्षा और कानूनी उद्योग समिति ने दून हेरिटेज स्कूल, देहरादून में बाल अधिकार और कानूनी शिक्षा पर एक सत्र का आयोजन किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।